मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
"चयन भवन, चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड न.1, भोपाल - 462011

## समूह-3 उपयंत्री, मानचित्रकार एवं अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 की नियमपुस्तिका एवं आवेदन-पत्र भरे जाने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

समूह-3 उपयंत्री, मानचित्रकार एवं अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 दिनांक 18.08.2026 को विज्ञापित किया गया था। तदनुसार दिनांक 18.08.2026 से मंडल द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। उक्त विज्ञप्ति जारी करने के उपरांत अन्य विभागों व उनके शासकीय उपक्रमों द्वारा भी रिक्त उपयंत्रियों के भर्ती के मांग पत्र कर्मचारी चयन मंडल को प्राप्त हुये है। इन मांगों को समाविष्ट करने से अधिक संख्या में उपयंत्रियों की नियुक्ति समय सीमा में संभव होगी।

अत: मंडल द्वारा वर्तमान में प्रकाशित नियमपुस्तिका एवं आवेदन पत्र आमंत्रित करने की प्रक्रिया को निरस्त किया जाता है।

मंडल द्वारा विभागों से प्राप्त नवीन पदों को समाहित करते हुए नवीन परीक्षा कार्यक्रम/तिथियों के साथ अद्यतन नियमपुस्तिका एवं विज्ञापन यथाशीघ्र जारी किया जायेगा ।

पूर्व में जारी विज्ञापन के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र भर दिया है, उन्हें भी आगामी नवीन परीक्षा कार्यक्रम/विज्ञापन अनुसार पुन: आवेदन पत्र भरना होगा तथा पूर्व में भरे गए आवेदन पत्र की परीक्षा शुल्क वापस की जायेगी।

24/8/26

नियंत्रक
म.प्र. कर्मचारी चयन मंडल
भोपाल